दिनांकः 29.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से व्यापार सुगमता और विनिर्माण को बढ़ाने तथा देश को वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आग्रह किया है।
- प्रदेश में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अरावली क्षेत्र वाले 20 ज़िलों में आज से विशेष अभियान।
- उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने प्रदेश में गलन का एहसास बढ़ाया–जनवरी के पहले सप्ताह में मावठ के आसार।
- नये साल का स्वागत करने और सर्दी की छुट्टियां बिताने के लिए प्रदेश में देशी–विदेशी सैलानियों की भारी आवक।

................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से व्यापार सुगमता और विनिर्माण को बढ़ाने तथा भारत को वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आग्रह किया है। कल नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के तीन दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ करेगा। उन्होंने इसके लिए हर राज्य से बुनियादी ढांचा विकसित करने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कार्यशील वर्ग में है। साथ ही युवा आबादी की क्षमता से देश वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा का प्रतीक बन सकता है। श्री मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने और देश की आर्थिक मजबूती के लिए केन्द्र और राज्यों से घरेलू विनिर्माण के लिए एक सौ उत्पाद की पहचान करने का आग्रह किया।
प्रधानमंत्री ने कहा पर्यटन क्षेत्र युवाओं के लिए आजीविका सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने राज्यों से अपने क्षेत्र में कम से कम एक विश्व–स्तरीय पर्यटन स्थल विकसित करने को कहा।

................

प्रदेश में आज से अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अरावली क्षेत्र वाले 20 ज़िलों में विशेष अभियान चलेगा। 15 जनवरी तक चलने वाला ये अभियान खान, वन और पर्यावरण, राजस्व, पुलिस तथा परिवहन विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा। ईको सिस्टम में अरावली पर्वतमाला के महत्व और जैव विविधता संरक्षण तथा भूजल रिचार्ज में इसकी भूमिका को देखते हुए ये पहल की गई है। जयपुर जिला भी अरावली क्षेत्र में शामिल है। इसे देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक रखी गई।
खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण और अवैध खनन निगरानी समिति के साथ हुई इस बैठक में डॉ. सोनी ने जिले के संवेदनशील क्षेत्रों सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध खनन के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान ड्रोन सहित नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाएगा।
इस बीच, आज सुप्रीम कोर्ट में अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर उठे विवाद पर सुनवाई होगी। अदालत ने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। इसमें न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायामूर्ति ऐ.जी. मसीह शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण अरावली पर्वत श्रृंखला की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और सरकार के इसे बचाने के आश्वासन के बीच इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया है। केन्द्र सरकार ने भी राज्य सरकारों को अरावली में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे देने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के अस्पतालों में दवाईयों और जांचों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंने 108 एम्बूलेंस, 104 जननी एक्सप्रेस और ममता एक्सप्रेस सेवाओं के सुगम संचालन के बारे में भी दिशा निर्देश दिये। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री आवास पर चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने विभागीय योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा।
सरकारी विद्यालयों में चलाए जा रहे नेत्र जांच शिविरों के बारे में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संभागवार इन शिविरों के आयोजन की बात कही, जिससे जरूरतमंद स्कूली विद्यार्थियों को चश्मे उपलब्ध कराए जा सकें।

................

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इस साल ने नीतियों को प्रगति में बदलते और इरादों को साकार होते देखा है। इस साल किये गये सुधारों को विकसित भारत 2047 की शुरूआत के तौर पर देखा जा रहा है। ''**सुधारों का वर्ष**'' विशेष श्रृंखला में पेश है समाचार कक्ष से डॉ. सालेहा गाज़ी की रिपोर्ट–

..............

................

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने प्रदेश में गलन का एहसास बढ़ा दिया है। सीकर, चूरू, झुंझुनूं और अलवर सहित कई जिले शीत लहर की चपेट में हैं। शेखावाटी अंचल में खुले स्थानों पर कई जगह सुबह ओस की बूंदें जमी हुई देखी जा रही हैं। वहीं बीते 24 घंटों में उत्तरी–पूर्वी जिलों में बादल छाये रहे और कोहरे का असर बना रहा। हनुमानगढ़, करौली और सवाईमाधोपुर में सर्द हवाएं ठिठुरन पैदा कर रही हैं।
मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 31 दिसम्बर से प्रदेश में मौसम का मिज़ाज बदलने का अनुमान है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई स्थानों पर मावठ के आसार हैं।

...............

................

प्रदेश में नये साल का जश्न मनाने और सर्दी की छुट्टियां बिताने के लिए देश के कोने–कोने से सैलानी पहुंच रहे हैं। विदेशी पर्यटक भी अच्छी संख्या में आए हैं। उदयपुर, सवाईमाधोपुर, जैसलमेर और राजधानी जयपुर में सैलानियों की भारी तादाद से गहमागहमी बनी हुई है। दर्शनीय स्थलों पर दिनभर पर्यटकों का हुजूम देखने को मिल रहा है। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सम के धोरों पर कैमल सफारी को लेकर सैलानियों में खासा आकर्षण है।

...............

नववर्ष के आगमन पर धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। हनुमानगढ़ जिले के गोगामेड़ी नववर्ष मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ है।

...............

राज्य में आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक महोत्सव भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। सिरोही के माउंट आबू में आज से शुरू हो रहे तीन दिन के शरद महोत्सव का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं।

................